## सार-समाचार

### अवैध देशी पिस्टल व तेज धारदार कटार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुए अवैध देशी पिस्टल मय जिंदा कारतूस एवं अवैध तेज धारदार कटार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध गतिविधियों व अवैध हथियारों व उनके सप्लायर के खिलाफ कार्यवाही के लिये अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी पिस्टल मय जिंदा कारतूस सहित आरोपी देशराज को पकड़ा जिसने पूछताछ मे अवैध देशी पिस्टल 0007 कोहिनुर गैग के सदस्य से लाना बताया वहीं दूसरी टीम ने कार्यवाही करते हुए तेज धारदार हथियार कटार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक लतीफ मोहम्मद ने मय जाप्ता नया नोहरा क्षेत्र से चैकिंग के दौरान एक जने से अवैध देशी पिस्टल मय जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए छोटा वरोदिया मवासा थाना कैथून निवासी देशराज को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि वहीं थाने के हेड कांस्टेबल अब्दुल हफीज ने सूचना पर मय जाप्ता कार्यवाही करते हुए अवैध तेज धारदार हथियार कटार बरामद की। पुलिस टीम ने आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए न्यू श्रीराम कॉलोनी निवासी आकाश नागर को गिरफतार किया।

### संगम कला ग्रुप कोटा के विजेता प्रतिभागी राष्ट्रीय फाईनल में दिखाएंगे दम

**कोटा,** (निसं)। संगम कला ग्रुप, कोटा द्वारा आयोजित 41वीं अखिल भारतीय सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित प्रतिभागी अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी सुरीली प्रतिभा का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। सुरतरंग नेशनल सिंगिंग टैलेंट हंट के संभागीय स्तर पर विभिन्न वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 23 फरवरी 2026 को नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय फाईनल में कोटा चैप्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। संस्था की महासचिव डॉ.शिल्पी सक्सेना ने बताया कि उनके नेतृत्व में सभी वर्गों के प्रथम विजेता प्रतिभागी दिल्ली में आयोजित अंतर्राज्यीय चरण और उसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार सक्सेना के अनुसार सब-जूनियर फिल्म वर्ग से दीक्षांत सिंह, सब-जूनियर गैर-फिल्म वर्ग से पाखी जैन, जूनियर फिल्म वर्ग से अविका सक्सेना, जूनियर गैर-फिल्म वर्ग से आद्विक जैन, सीनियर फिल्म वर्ग से अंकिता मिश्रा तथा सीनियर गैर-फिल्म वर्ग से निरंजन गंधर्व ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कोटा का गौरव बढ़ाया है। सभी प्रतिभागी आज कोटा से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध गजल गायक पद्मश्री हरिहरन होंगे।

### सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। श्री श्याम सेवा समिति, कोटा के तत्वावधान में उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा कोटा में आयोजित हुवा भव्य सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। संयोजक महेश कुमार बुर्ट ने बताया कि इस सम्मेलन में वैदिक मंत्रोच्चार, शहनाई की मधुर ध्वनि एवं मंगलगीतों के बीच नवविवाहित जोड़ों ने सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। अध्यक्ष दीपक ने कहा सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता और समानता का संदेश देना, विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्चों को कम करना तथा जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक सहयोग प्रदान करना रहा। संत मदनराम महाराज व संत बंशी लाल महाराज द्वारा नवदम्पतियों को खुशाल गृहस्थ जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया। शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमुदाय ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कोषाध्यक्ष अनिल ने सभी सहयोगकर्ताओं, भामाशाहों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी समाजहित के ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। इस अवसर मोनू सरसिया, अनिल गोयर, गोलू, अजय अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अवैध देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। कैथून पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध देशी पिस्टल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध हथियारों की तस्करी पर रोकथाम के लिये ग्रामीण पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन क्रिमिनल डस्टिंग अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए एक जने पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी पिस्टल बरामद की। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए थाना कैथून के मेघवाल बस्ती भीमपुरा निवासी शोयब (32) को गिरफ्तार किया, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### कैम्पस प्लेसमेंट शिविर 24 फरवरी को

**रामगंजमंडी,** (निसं)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खैराबाद में कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन 24 फरवरी मंगलवार को किया जा रहा है। सहायक निदेशक (प्रशि.) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद राकेश मेठी ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट में बेरोजगार युवाओं को निजी कम्पनियों के माध्यम से रोजगार दिलाए जाने के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा युवाओं को विभाग की कल्याणकारी योजनाओं एवं बेरोजगार युवाओं को विभिन्न व्यवसायों में आरएसएलडीसी के माध्यम से कौशल विकास में प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान की जाएगी। ताकि ये युवा अपने हाथ में हुनर लेकर अपनी आजीविका चला सकें।

### अतिवृष्टि से किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

**छबड़ा** (निसं)। कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की। कांग्रेस नेता दीपक त्यागी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि छबड़ा-छीपाबड़ौद क्षेत्र में अचानक हुई ओलावृष्टि से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। ज्ञापन में खराबे का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की गई। अन्यथा प्रदर्शन की चेतावनी दी है। यहां हरिराम मीणा, जगदीश गौड़, नितिन मालव, रवि लोधा और फूलसिंह मीणा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शिव महापुराण की कथा 22 से शुरू

**कोटा,** (निसं)। कृष्णावत तिवाड़ी परिवार की ओर सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक बनवारी लाल ने बताया कि कथा का आयोजन महावीर नगर द्वितीय में शुभम स्पोर्ट पार्क में किया जाएगा। कथा 22 फरवरी रविवार से 28 फरवरी तक दोपहर 2 बजे से 5.30 बजे तक की जाएगी। शिव महापुराण कथा में अयोध्या धाम के प्रसिद्ध व्यास पीठ कथावाचक आचार्य राधव द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजक ने बताया कि इस मौके पर अधिक से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

### चिराग जेठवानी का सम्मान किया

**कोटा,** (निसं)। मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित लौहपुरुष (आयरन मैन) ट्रॉयथलॉन को आठ घंटे 15 मिनट में पूरा कर उपलब्धि हासिल करने वाले कोटा के स्टेशन इलाके के निवासी चिराग जेठवानी का एक समारोह में स्टेशन स्थित श्री झूलेलाल सिन्धी पंचायत की ओर से सम्मान किया गया। इस अवसर पर पंचायत के संरक्षक हरीश जगवानी, अद्यक्ष बजरंग सुखवानी, सचिव गोपाल मूलचंदानी, बंटी जेसवानी, सांस्कृतिक मंत्री नरेश कारा, मीडिया सलाहकार किशन रतनानी, महिला समिति अद्यक्ष दक्षा, महासचिव पूनम रतनानी, सुनीता,मनीषा जगवानी आदि उपस्थित थे।

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित रही

**छबड़ा** (निसं)। केलखेड़ी जीएसएस पर लगा पावर ट्रांसफार्मर तकनीकी खराबी के चलते जल गया, जिसके चलते जीएसएस से सम्बंधित 11 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। वही विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया जारी है। रविवार को विधुत आपूर्ति सुचारु करवा दी जाएगी। सहायक अभियंता जयेंद्र सिंह झाला ने बताया कि केलखेडी जीएसएस पर लगा पावर ट्रांसफार्मर तकनीकी खराबी के कारण जल गया है।

# हाईवे पर लूट की घटना को अंजाम देने की योजना बनाते पांच गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। हाईवे पर वाहन चालकों के साथ लूट की घटना को अंजाम देने की योजना बनाते पांच आरोपियो को बोरखेड़ा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध देशी कट्टा, एक कारतूस, चाकू, मिर्ची पाउडर और एक रस्सी सहित महिलाओं के कपड़े बरामद किये है। पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में

- **देशी कट्टा, चाकू, मिर्ची पाउडर व महिला के कपड़े बरामद**
- **बोरखेड़ा थाना पुलिस ने की कार्यवाही**



कोटा के बोरखेड़ा पुलिस टीम ने हाईवे पर वाहन चालकों से लूट की योजना बनाते पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सामने आया कि गिरोह के सदस्यों में से एक सदस्य महिला का भेष धारण करके हाईवे पर वाहन चालकों को रूकवाने व अन्य आरोपियों द्वारा मिर्ची पाउडर फेंकर व हथियारों के दम पर वाहन चालको से लूट की योजना थी। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि नया नोहरा फोरलेन क्षेत्र हाईवे पर पेट्रोल पम्प के पास कार में बैठे पांच जने हाईवे पर जिसमें से एक जना महिला का भेष धारण करके वाहन चालको को रुकवाने व अन्य उसके साथी वाहन चालक से लूट की योजना बना रहे है। उक्त सूचना पर बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर मय जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों के पास से अवैध देशी कट्टा 315 बोर मय जिंदा कारतूस, एक चाकू, एक खंजर व मिर्ची पाउडर, रस्सी, डंडे व महिला के कपड़े बरामद किये है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को भी जप्त किया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी अवैध हथियार कालू भौंरा उर्फ सुरेन्द्र मीणा, लोकेश मीणा व सरनजीत से लाना बताया है जिनके सम्बंध 0007 कोहिनुर गैंग से जुड़ा होना सामने आया है, पकड़े गये आरोपियों ने इनके कहने पर ही लूट की वारदात करना व शहर में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देना स्वीकार किया है। उक्त गैंग के सरगना व सदस्यों के खिलाफ भी धरपकड़ अभियान जारी है। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए सीमलिया निवासी मनीष सुमन (28), थाना दिगोद के कासमपुरा निवासी विकास योगी (22), उम्मेदगंज निवासी प्रदीप मीणा (21), ताथेड निवासी रोहित मीणा (24) एवं खेड़ा करीर सीमलिया निवासी अजय मीणा (19) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है। उक्त कार्यवाही शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में की गई।

# छबड़ा थर्मल पावर प्लांट में बड़ा हादसा टला

**छबड़ा** (निसं)। थर्मल पावर प्लांट में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। यहां कोयला मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतरा। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5 बजे कोयला खाली करके लौट रही एक मालगाडी का लोको इंजन पटरी से उतर गया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।


भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना
Indian Institute of Technology Patna
**Recruitment Notice**
IIT Patna invites application from Indian citizen in prescribed format for the temporary posts of Contractual/Part-Time Sports Coaches at Sports Unit of IIT Patna. The application with copies of all certificates/testimonials etc. should reach "The Sports Officer, Gymkhana Building, IIT Patna, Bihta, Patna - 801106 "on or before 5th March 2026 by 5.00 pm. For application form and detailed advertisement please visit website www.iitp.ac.in under Notice Board section.
Adv: - IITP/SPORTS/2025-26/31
CBC 21366/12/0002/2526 Registrar


# एम्बुलेंस की कमी को दूर कर मरीजों को राहत दिलवाने की मांग

**कोटा,** (निसं)। शहर की सरकारी एम्बुलेंस व्यवस्था की बदहाली के विरोध में तथा एम्बुलेंस की कमी को दूर कर मरीजों को हो रहीं इस गंभीर समस्या से निजात दिलवाने की मांग को लेकर राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव यश गौतम के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमएचओ कार्यालय पर धरना देकर सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा।

यश गौतम ने बताया कि कोटा में सरकारी एम्बुलेंस की व्यवस्था बदहाली का शिकार है एक दर्जन से अधिक एम्बुलेंस सीएमएचओ कार्यालय में खराब हालत में खड़ी है इसका सीधा नुकसान मरीजों को हो रहा है जिन्हें समय पर उपचार हेतु वाहन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

इन हालातों में मरीजों के परिजनों को निजी एम्बुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है जिसपर निजी एम्बुलेंस द्वारा मनमाना किराया वसूला जा रहा है। प्रति किमी 12 से 15 रुपए वसूले जा रहे है। बड़ी आईसीयू गाड़ी के तो 35 रुपए प्रति किमी वसूल रहे है। सरकारी हॉस्पिटल में इलाज करवाने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिजनों पर यह सरकार का अत्याचार है।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में 2 एम्बुलेंस है जिनका उपयोग केवल रेफरल एवं वीआईपी मूवमेंट में किया जा रहा है। रूटीन में मरीजों के लिए नहीं किया जा रहा है। 104 एम्बुलेंस के टेंडर पिछले माह खत्म हो गए है। लेकिन अभी तक पुनः जारी नहीं किए गए है। इसी के विरोध में तथा इसके समाधान की मांग को लेकर सीएमएचओ को ज्ञापन देने पहुंचे जहां सीएमएचओ के अनुपस्थित होने पर धरना दिया इसके बाद सीएमएचओ के पहुंचने पर उनके द्वारा मांगे 10 दिवस में पूरी करने के आश्वासन पर उन्हें ज्ञापन सौंपा यदि मांगे पूरी नहीं होती है तो युवा कांग्रेस द्वारा सीएमएचओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से महमूद खान, रोहित मेघवाल, यश मेढा, रक्षक मालवीय, नरेंद्र सुमन, कृष्णा कुमार, अल्ताफ हुसैन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कोटा में राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव यश गौतम के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमएचओ कार्यालय पर धरना देकर सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा गया।

# सवर्ण समाज कोटा की यूजीसी के विरोध में बैठक आज

**कोटा,** (निसं)। सवर्ण समाज कोटा के तत्वावधान में शनिवार को सायं 4 बजे इंदिरा विहार स्थित जवाहर नगर थाने के सामने जनरल समाज के प्रमुख व्यक्तियों की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में ब्राह्मण समाज, वैश्य समाज, सिंधी समाज, कायस्थ समाज सहित सामान्य वर्ग से जुड़े विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भाग लेंगे।

मुख्य संयोजक हुकुम मंगल ने बताया कि बैठक में यूजीसी द्वारा लाए गए कानून को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके विरोध में आगे की रणनीति भी तैयार की जाएगी। बैठक के दौरान आगामी आंदोलन की रूपरेखा, ज्ञापन सौंपने, जन जागरूकता अभियान तथा अन्य लोकतांत्रिक तरीकों से विरोध दर्ज कराने पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि कार्यक्रम पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया जाएगा। हुकुम मंगल ने कहा कि यह कानून जनरल कास्ट वर्ग एवं उनके विद्यार्थी बच्चों के हितों के विरुद्ध है। बैठक में केंद्र सरकार से इस कानून को वापस लेने की मांग को लेकर एक ठोस योजना बनाई जाएगी। मंगल ने बताया कि अब तक इस बैठक में 235 आमंत्रित सदस्यों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। बड़ी संख्या में समाजबंधुओं के उपस्थित रहने की संभावना है। उन्होंने जनरल कास्ट वर्ग से जुड़े सभी समाजों एवं प्रबुद्धजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने विचार रखने का आग्रह किया है।

# मोहित मेहता ने अंतरराष्ट्रीय टेक्नोलॉजी चैंपियनशिप में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा के मोहित मेहता ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित मेजर टेक्नोलॉजी एक्सपो 2026 की अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड चैंपियनशिप में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

मोहित मेहता वर्तमान में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोनीपत (आईआईआईटी सोनीपत) में बीटेक तृतीय वर्ष (कंप्यूटर साइंस) के छात्र है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कार स्वरूप 1.50 लाख रुपए की राशि भी प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व उनके इसी प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ था। जहां उन्हें 25 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई थी। मोहित मेहता ने बताया कि नव विकसित नवाचारात्मक प्रोजेक्ट किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यह अत्याधुनिक एवं पोर्टेबल डिवाइस खेत की मिट्टी की गुणवत्ता की त्वरित जांच करने में सक्षम है। अब किसानों को अपनी फसल के अनुसार मिट्टी की जांच के लिए नमूने दूरस्थ प्रयोगशालाओं में भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। यह डिवाईस खेत में ही कुछ ही मिनटों में मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी या अधिकता का सटीक विश्लेषण कर देती है। इसके माध्यम से किसानों को यह स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी कि उन्हें किस प्रकार और कितनी मात्रा में उर्वरक अथवा दवाईयों का उपयोग करना चाहिए। जिससे लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि संभव होगी।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक :- एफ/तहसील/क.ब./2026/1223 दिनांक : 20.2.26
**नाम हस्तातंरण हेतु विज्ञप्ति आम सूचना**
कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा कच्ची बस्ती नियमन के तहत सर्वे संख्या 7-ए कच्ची बस्ती संजय गांधी नगर का पट्टा नियमन क्रमांक नियम/आवंटन/148 दिनांक 30.10.2002 को श्रीमती कैलाश मित्तल पत्नि श्री हरिप्रसाद मित्तल को आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती कैलाश मित्तल का स्वर्गवास दिनांक 27.08.2025 को हो जाने के कारण विधिक वारिसानों द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित रजिस्ट्रर्ड वसीयत नामा पत्र दिनांक 25.08.2023 से शपथ-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री ओमप्रकाश मित्तल पुत्र स्व. श्री हरिप्रसाद मित्तल ने स्वयं के नाम हस्तानांतरण हेतु आवेदन किया है। जिसका नाम हस्तांतरण प्रस्तावित है।
अतः उक्त नाम हस्तानांतरण के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय में स्वंय उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त आवास का नाम हस्तानांतरण श्री ओमप्रकाश मित्तल पुत्र स्व. श्री हरिप्रसाद मित्तल के नाम से कर दिया जावेगा।
**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक :- एफ11/ विक्रय/2026/764 **नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक : 20.2.26
कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा योजना न्यू ग्रेन मण्डी भूखण्ड संख्या 29 का आवंटन पत्र क्रमांक 4793 दिनांक 26.07.1960 को मेसर्स कल्याण मल, रामेश्वर मल प्रोपराईटर कल्याण मल के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी श्री कल्याण मल कि मृत्यु उपरांत उनके उत्तराधिकारी श्री रामेश्वर द्वारा प्रथम रजिस्टी दिनांक 30.01.1961 को कराई गई एवं उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र दिनांक 5.05.1977 को रामेश्वर व हरिशचन्द पुत्र स्व. कल्याण मल एवं राम कुंवारी बाई पत्नी स्व. श्री कल्याण मल द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल व श्रीमती कृष्णा पत्नी राजेन्द्र कुमार के नाम अलग-अलग दो विक्रय पत्र से बैचान किया गया है तत्पश्चात् श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल व श्रीमती कृष्णा पत्नी राजेन्द्र कुमार के द्वारा उक्त भूखण्ड का दिनांक 05.02.1979 में तीन भागो में श्री किशन लाल अग्रवाल पुत्र श्री ग्यारसी लाल एवं श्री ताराचंद बंसल पुत्र श्री किशन लाल एवं श्रीमती पार्वती बंसल पत्नी श्री ताराचंद बंसल के पक्ष में बैचान किया गया था। इसके उपरांत श्री किशन लाल अग्रवाल पुत्र श्री ग्यारसी लाल की मृत्यु दिनांक 19.05.1996 को हो जाने के कारण इनके विधिक वारिसान के द्वारा के श्री ताराचंद बंसल पुत्र श्री किशन लाल पक्ष में श्री किशन लाल अग्रवाल पुत्र श्री ग्यारसी लाल के हिस्से कि रजिस्टर्ड रिलीज डीड, (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अण्डरटेकिंग आईडी इत्यादि दस्तावेजो के आधार पर श्री तारांचद बंसल पुत्र श्री किशन लाल अग्रवाल एवं श्रीमती पार्वती बंसल पत्नी श्री ताराचंद बंसल द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 29 नई धानमण्डी का नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा से चाही जा रही है।
अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 29 नई धानमण्डी का नाम हस्तान्तरण श्री तारांचद बंसल पुत्र श्री किशन लाल अग्रवाल एवं श्रीमती पार्वती बंसल पत्नी श्री ताराचंद बंसल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक :- 766 **नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक : 20.02.2026
कोटा विकास प्राधिकरण की नई धानमंडी व्यवसायिक योजना के भूखण्ड संख्या 68 का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी कोटा द्वारा श्री सगत सिंह पुत्र श्री दिलीप सिंह को आंवटन दिनांक 28.10.1961 को साईज 2700 वर्गफीट का किया गया था। जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 02.07.1962 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुकी है आवंटी श्री सगत सिंह पुत्र श्री दिलीप सिंह के द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से दिनांक 27.12.1972 को श्रीमती जसपाल कौर सेठी पत्नी श्री चरणजीत कौर सेठी को किया गया है एवं उक्त भूखण्ड से लगा प्लेटफार्म 2250 वर्गफीट की रजिस्ट्री श्रीमती जसपाल कौर सेठी पत्नी श्री चरणजीत सेठी के पक्ष में निष्पादित हो चुकी है। उक्त भूखण्ड की कार्यवाही के सम्बन्ध में जसपाल कौर सेठी के द्वारा श्री एच.एस. सेठी पुत्र श्री गोपाल सिंह को मुख्तारआम आलेखित किया गया था। श्री एच.एस. सेठी के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड एवं प्लेटफार्म का अलग-अलग भागो में जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्रों से. बैचान किया गया है जो निम्नानुसार है-
- श्री एच.एस. सेठी पुत्र श्री गोपाल सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.07.1987 से पूर्व से पश्चिम व उत्तर से दक्षिणी भाग 600 वर्गफीट का बैचान श्री हरगुनदास पुत्र श्री तोलाराम जी के पक्ष में किया गया है।
- श्री एच.एस. सेठी पुत्र श्री गोपाल सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.07.1987 से पूर्व से उत्तर की तरफ का भाग 615 वर्गफीट का बैचान श्री राकेश पुत्र श्री तोलाराम के पक्ष में विक्रय किया गया है।
- श्री एच.एस. सेठी पुत्र श्री गोपाल सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.07.1987 से पूर्व से पश्चिम व उत्तर से दक्षिणी भाग 1260 वर्गफीट का बैचान श्रीमती माया देवी पत्नी श्री तोलाराम के पक्ष में किया गया है।
- श्री एच.एस. सेठी पुत्र श्री गोपाल सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.07.1987 से पश्चिम दक्षिण व पूर्व पश्चिम भाग 1260 वर्गफीट का बैचान श्रीमती कविता रानी पत्नी श्री सत्यदेव के पक्ष में किया गया है।
- श्री एच.एस. सेठी पुत्र श्री गोपाल सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.07.1987 से दक्षिण व पूर्व से पश्चिमी भाग 600 वर्गफीट का बैचान श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री सत्यदेव को विक्रय कर दिया गया है।
- श्री एच.एस. सेठी पुत्र श्री गोपाल सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.07.1987 से दक्षिण के बीच व पूर्व से पश्चिमी भाग 600 वर्गफीट का बैचान श्री सुशील पुत्र श्री सत्यदेव के पक्ष में किया गया है।

1. भूखण्ड क्रेता श्रीमती माया देवी व श्री राकेश कुमार एवं श्री हरगुनदास द्वारा संयुक्त रूप से उक्त भूखण्ड 1350 वर्गफीट भाग का बैचान जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.07.17 को श्री नवीन कस्तुरी व श्री हितेश कस्तुरी पुत्र श्री रमेश चंद कस्तुरी के पक्ष कर दिया गया है।
2. भूखण्ड क्रेता श्रीमती कविता रानी व श्री सुरेश कुमार एवं श्री सुशील कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से भूखण्ड के 1350 वर्गफीट माग का बैचान जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.09.2024 से श्री नवीन कस्तुरी व श्री हितेश कस्तुरी पुत्र श्री रमेश चंद कस्तुरी को विक्रय कर दिया गया है।
भूखण्ड क्रेता के द्वारा 2700 वर्गफीट के नामहस्तान्तरण के आवेदन पर प्राप्त विधिक राय अनुसार क्रेता के पक्ष में नामहस्तान्तरण किया जाना है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 68 योजना नई धानमन्डी व्यवसायिक साईज 2700 वर्गफीट का नाम हस्तान्तरण श्री नवीन कस्तुरी व श्री हितेश कस्तुरी पुत्र श्री रमेश चंद कस्तुरी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक-3306 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-20.02.26
आवास संख्या 4-पी-9 महावीर नगर विस्तार, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री संजय कुमार पुत्र श्री देवी सिंह को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री धर्मपाल शादीजा पुत्र श्री दोलतराम शादीजा के नाम दिनांक 10.11.2017 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री धर्मपाल शादीजा पुत्र श्री दोलतराम शादीजा द्वारा दिनांक 08.01.2018 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री धर्मपाल शादीजा पुत्र श्री दोलतराम शादीजा द्वारा इस आवास से सम्बधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 06.04.2019 को श्री प्रकाश चन्द पुत्र श्री रूपचन्द को अपना मुख्तार आम धारक नियुक्त किया गया। श्री प्रकाश चन्द पुत्र श्री रूपचन्द मुख्तार आम श्री धर्मपाल शादीजा पुत्र श्री दौलतराम शादीजा द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.01.2026 को श्री मनीष कुमार पुत्र श्री किशोर कुमार को किया गया। श्री मनीष कुमार पुत्र श्री किशोर कुमार द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-पी-9 महावीर नगर विस्तार, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री मनीष कुमार पुत्र श्री किशोर कुमार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री मनीष कुमार पुत्र श्री किशोर कुमार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री मनीष कुमार पुत्र श्री किशोर कुमार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।
**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक-3248 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-16.02.26
आवास संख्या 1-यू-5 तलवण्डी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती गुरदेव कौर पत्नी श्री मुख्तीयार सिंह को किया गया था। श्रीमती गुरदेव कौर की मृत्यु उपरान्त उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन दिनांक 19.03.1986 को श्री मुख्तीयार सिंह पुत्र श्री रूलिया सिंह को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री मुख्तीयार सिंह पुत्र श्री रूलिया सिंह द्वारा दिनांक 17.07.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरान्त श्री मुख्तीयार सिंह पुत्र श्री रूलिया सिंह द्वारा इस आवास का बैचान जरिये बयनामा आलेखित कर दिनांक 04.09.1997 को श्रीमती जसविन्दर कौर पत्नी श्री सुखबीर सिंह सैन को किया गया। श्रीमती जसविन्दर कौर पत्नी श्री सुखबीर सिंह सैन की मृत्यु दिनांक 17.01.2019 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तातरण हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर दिनांक 01.07.2019 को श्री सुखबीर सिंह सैनी पुत्र श्री तुलसा सिंह के पक्ष में किया। तत्पश्चात् श्री सुखबीर सिंह सैनी पुत्र श्री तुलसा सिंह द्वारा उक्त अवास बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 26.04.2022 को श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय पुत्र श्री अशोक कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती रोली पाण्डेय पत्नी श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय को संयुक्त रूप से किया गया। श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय पुत्र श्री अशोक कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती रोली पाण्डेय पत्नी श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1 यू-5 तलवण्डी, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय पुत्र श्री अशोक कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती रोली पाण्डेय पत्नी श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय का नाम संयुक्त रूप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय पुत्र श्री अशोक कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती रोली पाण्डेय पत्नी श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय का नाम संयुक्त रूप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय पुत्र श्री अशोक कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती रोली पाण्डेय पत्नी श्री प्रशांत कुमार उपाध्याय के नाम संयुक्त रूप से दर्ज कर दिया जावेगा।
**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक-3311 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-20.02.26
आवास संख्या 2-फ-11 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री देवी लाल पुत्र श्री बद्रीप्रसाद को किया गया था। श्रीदेवी कोटा पुत्र श्री बद्रीप्रसाद द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 27.03.1993 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री महेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मदन गोपाल शर्मा को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री देवी लाल पुत्र श्री बद्रीप्रसाद मुख्तार आम श्री महेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मदन गोपाल शर्मा द्वारा दिनांक 31.03.1993 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री महेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री मदन गोपाल शर्मा मुख्तार आम श्री देवी लाल पुत्र श्री बद्रीप्रसाद द्वारा उक्त आवास का बेचाना जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.11.2005 को श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. श्री मदन गोपाल शर्मा को किया गया। श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. श्री मदन गोपाल शर्मा का नाम दिनांक 01.10.2008 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. श्री मदन गोपाल शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 10.12.2014 को श्री नरेन्द्र कुमार राजदेव पुत्र श्री दिलीप कुमार राजदेव को किया गया। श्री नरेन्द्र कुमार राजदेव पुत्र श्री दिलीप कुमार राजदेव का नाम दिनांक 09.06.2015 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री नरेन्द्र कुमार राजदेव पुत्र श्री दिलीप कुमार राजदेव द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 14.08.2025 को श्री पंकज कुमार पुत्र श्री राज बहादुर को किया गया। श्री पंकज कुमार पुत्र श्री राज बहादुर द्वारा इस कार्यालय मे प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-फ-11 विज्ञान नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख मे दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री पंकज कुमार पुत्र श्री राज बहादुर का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री पंकज कुमार पुत्र श्री राज बहादुर का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री पंकज कुमार पुत्र श्री राज बहादुर के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।
**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन
**नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
**मुकदमा नम्बर 60/2026**
श्री विजय सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह ग्राम ईश्वरपुरा मांगरोल, बारां द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत प्रन्यास ''श्री तेजा मंदिर मंडल'' तलवड़ी योजना, केशवपुरा कोमर्स कॉलेज रोड, कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें ।
और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा ।
आज दिनांक 19.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 28.04.2026 है।
**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा**

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन
**नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
**मुकदमा नम्बर 61/2026**
श्री हरि प्रकाश पंजवानी पुत्र श्री हरीश चन्द पंजवानी, 12-ए सिंधी कॉलोनी, गुमानपुरा, कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत प्रन्यास ''श्री प्रेम प्रकाश आश्रम ट्रस्ट, कोटा'' श्रीपूरा, कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें ।
और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा ।
आज दिनांक 19.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 28.04.2026 है।
**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा**

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन
**नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
**मुकदमा नम्बर 46/2026**
श्री जगदीश प्रसाद बैरागी पुत्र श्री मोहनदास बैरागी द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत ''मन्दिर श्री जानकीराय जी महाराज'' विराजमान ग्राम हरीगढ़, तहसील खानपुर जिला झालावाड के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव चारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है. में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें ।
और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा ।
आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 16.04.2026 है।
**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा**

